

## हार्दिक की गोद में नताशा, बगल में पपी, शेयर की क्यूट तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। लॉकडाउन के क्यूट कपल की बात करें तो हार्दिक पंड्या (भ्तकपा च्ंदकलं) और नताशा स्टैनकोविच की जोड़ी भी इनमें से एक है। यह कपल अपनी–अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अक्सर अपनी तस्वीरे शेयर कर फैन्स के साथ खुद को कनेक्ट रखते हैं। शुक्रवार को एक बार फिर हार्दिक पंड्या ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम और ट्विटर पर शेयर की। ब्लू कलर के सोफे पर बैठे हार्दिक की गोद में अपना सिर रखकर नताशा स्टैनकोविच भी आराम फरमा रही हैं। इसके अलावा तीन पपीज भी पंड्या के साथ हैं। नजर आ रहे हैं। पंड्या ने इस तस्वीर के कैप्शन में सिर्फ एक शब्द फैमली लिखा है। येलो ग्लास वाले गॉगल्स पहने हार्दिक यहां अपने एक पपी को किस भी कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने इस तस्वीर के फोटोग्राफर और अपने–अपने स्टायलिस्ट का नाम भी लिखा है। हार्दिक की यह तस्वीर राहुल झांगियानी ने क्लिक की है। हार्दिक की स्टायलिस्ट निकिता जयसिंघानी हैं, जबकि नताशा के स्टायलिस्ट प्रणव सूद हैं।

# दुती चंद को विवाद खड़ा करने की आदत है: सूत्र

**विवाद**

## एशियन गेम्स पदक विजेताओं से ज्यादा पैसा मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की मशहूर धावक दुती चंद ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर अपनी कार बिक्री के लिए डाली। इसके बाद काफी विवाद शुरू हो गया। लेकिन ओडिशा सरकार के एक करीबी सूत्र का कहना है, यह उसकी पुरानी आदत है। और इतना ही नहीं बदतमीजी की भी कोई हद होती है। दुती ने सोशल मीडिया से अपना वह विवादास्पद पोस्ट हटा दिया है लेकिन उस पर ओडिशा सरकार की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई। राज्य सरकार के खेल एवं युवा विभाग की ओर से गुरुवार को बयान जारी कर दुती को ट्रेनिंग के लिए अभी तक दी गई आर्थिक मदद के बारे में बताया।

**प्रदेश सरकार का दावा- 4.09 करोड़ रुपये दिए:** ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा मामलों के विभाग के बयान के अनुसार, 'दुती चंद को राज्य सरकार से (2015 के बाद) मुहैया कराया गया कुल वित्तीय सहयोग 4.09 करोड़ रुपये है।' बयान के अनुसार, 'तीन करोड़ एशियाई खेल 2018 में जीते गए पदकों के लिए वित्तीय अनुदान, 2015–19 के दौरान 30 लाख रुपये ट्रेनिंग और वित्तीय सहयोग और तोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों की ट्रेनिंग के लिए दो किस्तों में जारी किए गए 50 लाख रुपये।'



**ओएमसी की कर्मचारी हैं**

ओडिशा सरकार ने यह भी कहा कि उसने दुती को ओडिशा खनन कारपोरेशन में ग्रुप ए स्तर का अधिकारी नियुक्त किया जिससे उसे अपनी ट्रेनिंग और वित्तीय प्रोत्साहन के लिए 29 लाख रुपये की राशि मिली। हालांकि दुती का इस पर कहना था, दुती ने सरकार के इस दावे पर भी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि इस राशि में उसका वेतन भी शामिल है।

सूत्र ने बताया, एशियन गेम्स में गोल्ड मेडलिस्ट हीमा दास और स्वप्ना बर्मन (हेप्टाथलीट) को जो रकम को उनकी राज्य सरकारों ने दी है दुती को उससे ज्यादा रकम दी गई है। उन दोनों को सिर्फ 10–10 लाख रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कभी फंड की कमी की बात नहीं की। सूत्र ने आगे कहा, दुती को दुर्भाग्य से विवाद खड़ा करने की आदत है।

**दुती का यह था जवाब:** गुरुवार को सरकार के बयान पर दुती ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया था, 'मैं इतने साल तक सहयोग करने के लिए ओडिशा सरकार की ऋणी हूं, लेकिन यह चार करोड़ रुपये सही चीज नहीं बता रहा है। हर कोई सोचना शुरू कर देगा कि दुती ने इतनी राशि खर्च की है।'


उन्होंने कहा था, 'तीन करोड़ वो पुरस्कार राशि है जो ओडिशा सरकार ने मुझे 2018 एशियाई खेलों में दो रजत पदक जीतने के लिए दी थी। यह उसी तरह है जिस तरह पीवी सिंधु या किसी अन्य पदक विजेता को राज्य सरकार जैसे हरियाणा या पंजाब से मिलती है। इसे ट्रेनिंग के लिए वित्तीय सहायता के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।' लेकिन ओडिशा के ज्यादातर खेल अधिकारियों का अलग तर्क है। वे कहते हैं, आखिर दुती उस रकम में कुछ पैसा अपनी ट्रेनिंग पर खर्च क्यों नहीं कर सकती बजाय कि अपनी लग्जरी पर खर्च करने के।

# आर्चर की गलती से करोड़ों का नुकसान हो सकता था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैनचेस्टर। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निदेशक एशले जाइल्स ने कहा कि स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को कोविड–19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना होगा क्योंकि इससे बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती थी और ईसीबी को करोड़ों पाउंड का नुकसान हो सकता था।

आर्चर को टीम के जैव सुरक्षित वातावरण का प्रोटोकॉल तोड़ने के लिए गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया था। उन्हें अब पांच दिन तक आइसोलेशन



पर रहना होगा और इस दौरान उनके कोविड–19 के लिए दो परीक्षण होंगे। ईसीबी ने यह नहीं बताया है कि उन्होंने कैसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया लेकिन रिपोर्टों के अनुसार यह तेज गेंदबाज पहले टेस्ट मैच के बाद ब्राइटन में अपने घर चला गया था।

जाइल्स ने पत्रकारों से कहा, 'हर (गलत) काम के लिए कार्रवाई होनी चाहिए और इस मामले में भी (अनुशासनात्मक) प्रक्रिया होगी। इससे बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती थी। इसका प्रभाव गर्मियों के पूरे सत्र पर पड़ सकता था और हमें करोड़ों पाउंड का नुकसान हो सकता था।'

उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि उसे इसके संभावित प्रभावों के बारे में पता था। वह युवा है और युवा गलतियां करते हैं। उसे इससे सबक लेना होगा।' ईसीबी ने कोरोना वायरस महामारी के बावजूद वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को काफी प्रयासों के बाद अपने देश का दौरा करने के लिये मनाया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और टी20 सीरीज खेलेगा। आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया को भी इस सत्र में इंग्लैंड दौरे पर आना है। बारबाडोस में जन्मे 25 वर्षीय आर्चर ने नियम तोड़ने के लिए माफी मांगी।

## जो डेनली के साथ अच्छा बर्ताव नहीं हुआ: पीटरसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा कि जो डेनली के साथ अच्छा बर्ताव नहीं हुआ और इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद जिस तरह से टीम से बाहर किया गया वह 'वास्तव में काफी दुखद' है। इंग्लैंड के लिए 15 टेस्ट खेलने वाले 34 साल के डेनली ने साउथम्पटन में पहले टेस्ट में 18 और 29 रन बनाए थे जिसके बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

इंग्लैंड के खेमे से ऐसी खबरें आईं कि टीम प्रबंधन द्वारा उन्हें लगातार 100 गेंद खेलने के लिए कहा जाता था। पीटरसन ने 'बेटवे' पर लिखा, 'डेनली के साथ जिस तरह का बर्ताव हुआ, खासकर टीम प्रबंधन द्वारा 100 गेंद खेलने के लिए कहा जाना काफी दुखद है।' इंग्लैंड के लिए 47.28 की औसत से 8181 रन बनाने वाले पीटरसन ने कहा, 'मैंने डेनली को बिग बैश (ऑस्ट्रेलिया की टी20 लीग) टूर्नामेंट में दो सत्र पहले देखा था। वह मैदान में आते ही बड़े शॉट खेलने लगता था। मेरी टीम मेलबर्न स्टार्स के खिलाड़ी उनका यह हाल देख कर आश्चर्यचकित हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं इंग्लैंड के लिए भी उसके साथ खेला हूं।

## न्यूज डायरी



### मुझे तीन महीने और कुछ रणजी मैच चाहिए, मैं फिर टेस्ट में रन बना दूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए सौरभ गांगुली का मन एक बार फिर आकर्षित हो रहा है। उनकी नई स्टेटमेंट सुनकर तो ऐसा ही लगता है। इस पूर्व भारतीय कप्तान और मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा है कि अगर उन्हें तीन महीने की ट्रेनिंग और कुछ रणजी मैच खेलने को मिल जाएं तो वह फिर से टेस्ट क्रिकेट में रन बना सकते हैं। गांगुली ने यह बात एक बंग्ला अखबार संवाद प्रतिदिन से कही। गांगुली इस अखबार को अपने क्रिकेट करियर के अंतिम दिनों पर इंटरव्यू दे रहे थे। उन्होंने कहा, श्अगर मुझे दो और वनडे सीरीज खेलने को मिली होतीं, मैं और रन बनाए होते। अगर मैं नागपुर टेस्ट में रिटायर नहीं हुआ होता तो मैं अगली दो टेस्ट सीरीज में भी रन बनाता। सच कहूं तो आप मुझे अभीट्रेनिंग के लिए छह महीने दे दीजिए मुझे रणजी मैच खेलने दीजिए, मैं भारत के लिए अभी भी टेस्ट क्रिकेट में रन बना दूंगा। मुझे 6 महीने भी नहीं चाहिए, तीन ही दे दीजिए। मैं रन बनाऊंगा।

### वीरेंदर सहवाग कर सकें ओपनिंग, सचिन तेंडुलकर ने छोड़ी थी अपनी पोजिशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने खुलासा किया है कि कैसे सचिन तेंडुलकर ने वीरेंदर सहवाग के लिए अपनी ओपनिंग पोजीशन छोड़ दी। रात्रा ने कहा कि सौरभ गांगुली और सचिन तेंडुलकर दोनों को सहवाग को ओपनिंग करवाने का श्रेय दिया जाना चाहिए। रात्रा ने कहा, सचिन सलामी बल्लेबाज के तौर पर बहुत अच्छा कर रहे थे लेकिन सहवाग को ओपनिंग करवानी था। तो सचिन ने नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद गांगुली के साथ सहवाग ने पारी की शुरुआत की ताकि दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज का कॉम्बिनेशन बना रहे। अगर सचिन राजी नहीं होते तो वीरेंदर सहवाग को शायद निचले क्रम में ही बल्लेबाजी करनी पड़ती। सहवाग को वनडे में पारी की शुरुआत करने का मौका शायद नहीं मिलता और तब परिस्थितियां काफी अलग होतीं।

### अश्वेतों की जिंदगी के बिना कोई जिंदगी मायने नहीं रखती: डुप्लेसिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस ने नस्लवाद के खिलाफ अपना समर्थन व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी की भी जिंदगी तब तक मायने नहीं रखती जब तक कि अश्वेतों का जीवन मायने नहीं रखता। अमेरिका में अफ्रीकी मूल के जार्ज फ्लॉयड की एक श्वेत पुलिसकर्मी के हाथों मौत के बाद विश्व भर में 'ब्लैक लाइव्स मैटर' (अश्वेत जीवन भी मायने रखता है) आंदोलन चल रहा है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खुलकर इसका समर्थन किया। डुप्लेसिस ने कहा कि अब नस्लवाद से लड़ने का समय आ गया है। इस 36 वर्षीय क्रिकेटर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, 'पिछले दो महीनों में मुझे यह महसूस हुआ कि हमें यह तय करना होगा कि हमें किससे लड़ना है।

### रेसलर बजरंग पूनिया के कोच की सैलरी पर लगेगा बड़ा कट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फ्रीस्टाइल कुश्ती में भारतीय महिला कुश्ती टीम के कोच एंड्रयू कुक को अनौपचारिक रूप से हटाने के बाद अब भारत के दिग्गज रेसलर बजरंग पूनिया के पर्सनल कोच शैको बेंटिन्डिस की बारी है। शैको बेंटिन्डिस को रेसलिंग फेडरेशनल ऑफ इंडिया की नई सूचना के अब यह तय करना है कि भारत की नौकरी को चुनें या फिर अपनी सैलरी को। कोरोना वायरस के चलते शैको अभी तक जॉर्जिया में अपने घर से वर्क फ्रॉम होम कर रहे थे और वह बजरंग को अपने घर से ही ऑनलाइन ट्रेनिंग सेशन करा रहे थे। WFI ने 44 वर्षीय इस कोच को यह बता दिया है कि उन्हें एक और सैलरी कट के लिए तैयार रहना होगा। शैको का लॉकडाउन से पहले भारतीय रेसलिंग फेडरेशन के साथ करार हुआ था। तब उनकी सैलरी करीब 6000 डॉलर यानी करीब साढ़े चार रुपये तय की गई थी। मार्च में वह वापस अपने वतन जॉर्जिया लौट गए।